केन्द्रीय सतर्कता आयोग

# फिल, सबमिट एंड रिलैक्स




भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022

## केन्द्रीय सतर्कता आयोग

# फिल, सबमिट एंड रिलैक्स




वहाँ हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।
हाँ, प्रशिक्षण के दौरान कवर किए जाने वाले विषय हमारी जॉब प्रोफाइल के लिए बहुत ही प्रासंगिक हैं।
ब्रोशर से यह लगता है कि संकाय में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल है।
मुझे उम्मीद है, प्रशिक्षण में कुछ केस स्टडी भी शामिल होंगी।
मैंने सुना है कि वहां मॉक सेशन भी होंगे।


मैं वास्तव में मॉक सेशन का इंतजार कर रही हूं।
उम्मीद है, वो बहुत रोचक होंगे।
हमें अन्य देशों के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करने का भी मौका मिलेगा।
हाँ, उनसे हम वैश्विक नजरिए से चीजों को देखना सीख सकेंगे।


मुझे आशा है कि
वे हमें शाम को कहीं घूमाने
भी ले जाएंगे।
हाँ, आमतौर पर ऐसे प्रशिक्षण में
आधा दिन तकनीकी/एक्सपोजर विजिट
के लिए रखा जाता है।
कितना अच्छा होगा कि वहां
हम एक साथ समय बिता पाएंगे।
फिर तो हम वहां कुछ अच्छी तस्वीरें लेंगे
और कुछ स्मृति चिन्ह भी खरीदेंगे।


दो हफ्ते बाद
अरे यह क्या? मेरी दोनों सहकर्मियों लीना और पूजा को अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए नामांकित किया गया है, पर मेरा नाम सूची में है ही नहीं?
क्योंकि आपके विभाग ने आपको विजिलेंस क्लीयरेंस देने से मना कर दिया।


ईशा यह सोचकर बहुत परेशान होने के साथ-साथ डरी हुई थी कि उसके खिलाफ़ किसी शिकायत अथवा कोई लंबित मामले के कारण उसे विजिलेंस क्लीयरेंस नहीं दिया गया था।


वह रात भर सो भी नहीं पाई।


अगले दिन, वह अपनी शंकाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी के पास गई।
गुड मॉर्निंग आलोक सर।
गुड मॉर्निंग ईशा, कैसी हो?
मैं ठीक नहीं हूं क्योंकि मुझे विजिलेंस क्लीयरेंस से वंचित कर दिया गया है।
ओह तभी तुम इतने तनाव में दिख रही हो?
सर, क्या मेरे खिलाफ कोई शिकायत आई है?
मुझे हमारे पोर्टल से चेक करने दो।


नहीं ईशा, हमें तुम्हारे खिलाफ़ कोई शिकायत नहीं मिली है।
हालांकि, मैं यहां स्पष्ट कर दूं कि केवल शिकायत दर्ज करने के कारण विजिलेंस क्लीयरेंस रोका नहीं जाता है।
सर, फिर मुझे विजिलेंस क्लीयरेंस क्यों नहीं दिया गया?
क्योंकि तुमने पिछले साल का अपना वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न जमा नहीं किया है।
ओह सर, मुझे नहीं पता था कि अचल संपत्ति रिटर्न जमा न करने पर भी विजिलेंस क्लीयरेंस रोका जा सकता है।


हां, मौजूदा दिशा निर्देशों के अनुसार, यदि अधिकारी पिछले वर्ष की अचल संपत्ति रिटर्न जमा करने में विफल रहता है तो पैनल में शामिल होने, संवेदनशील पदों पर पोस्टिंग, प्रशिक्षण (अनिवार्य प्रशिक्षण को छोड़कर) और यहां तक की प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस देने से इंकार कर दिया जाएगा।
और यहां जिस प्रशिक्षण के लिए मैं नामांकित होने वाली थी, वह अनिवार्य प्रशिक्षण नहीं है, इसीलिए विजिलेंस क्लीयरेंस के लिए मना कर दिया गया है। क्या मैं सही हूँ सर?
हाँ, बिलकुल।


सर, कृपया मुझे बताएं कि मैं अपना वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न कैसे जमा कर सकती हूँ?


हमारे विभाग सहित अधिकांश विभाग वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न जमा करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे फाइलिंग आसान हो गई है। तुम भी विभाग की वेबसाइट पर जाकर रिटर्न फाइल कर सकती हो।
ओके सर, अगली बार से कोई गलती नहीं होगी।


ईशा उस वर्ष अपने दोस्तों के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सकी।
अगले साल जनवरी के महीने में, उसने निर्धारित समय सीमा के
भीतर वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न जमा किया।


अगले वर्ष उसे उक्त प्रशिक्षण के लिए नामांकित किया गया।

## वार्षिक संपत्ति विवरणी

- लोक सेवकों को प्रत्येक वर्ष अपनी संपत्ति विवरणी फ़ाइल करना आवश्यक होता है।
- यह लोक सेवकों के आचरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।
- यह लोक सेवकों की संपत्ति के वित्तीय स्रोत का पता लगाने में भी सरकार की मदद करता है, कि क्या ये वैध माध्यमों से अर्जित किए गए हैं। इस प्रकार यह निवारक सतर्कता के एक उपकरण के रूप में कार्य करता है।
- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने एआईएस अधिकारियों और अन्य केंद्रीय सिविल सेवा / केंद्रीय सिविल पदों के अधिकारियों के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस पर समेकित दिशानिर्देश कार्यालय ज्ञापन संख्या 104/76/2022-AVD.IA दिनांक 28.09.2022 दवारा जारी किये हैं।
- इस कार्यालय ज्ञापन में (ए) पैनलबद्ध (बी) प्रतिनियुक्ति (सी) संवेदनशील पदों पर नियुक्ति (डी) प्रशिक्षण कार्यक्रमों (अनिवार्य प्रशिक्षण को छोड़कर) इत्यादि के सम्बन्ध में विजिलेंस क्लीयरेंस के लिए वार्षिक अचल संपत्ति विवरणी (एआईपीआर) समय पर फ़ाइल करने की आवश्यकता बताई गयी है।
- इस कार्यालय ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि अधिकारी अगले वर्ष की 31 जनवरी तक पिछले वर्ष की एआईपीआर जमा करने में विफल रहते हैं, तो विजिलेंस क्लीयरेंस से उन्हें वंचित कर दिया जाएगा।
- सभी लोक सेवकों को उन पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी वार्षिक संपत्ति विवरणी फ़ाइल करनी चाहिए।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग

# केन्द्रीय सतर्कता आयोग

सतर्कता भवन, ए-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली - 110023

www.cvc.gov.in

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

के सहयोग से प्रकाशित